आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 06.10.2023 समय : 0705

<><><><><><><>

- वन्य जीव सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में कल ग्रब आईलैंड में रीफ स्क्रैपर कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम–उन्नीस सौ चौरानब्बे में संशोधनों को अधिसूचित कर दिया है।
- राष्ट्रीय राजमार्ग–चार के पैंतीस किलोमीटर सड़क मार्ग की ब्लैक टॉपिंग का कार्य अगले वर्ष मार्च तक पूरा करने की योजना है।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से दिव्यांगजन विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति के वास्ते आवेदन स्वीकार किए जा रहे है।
- अंडमान निकोबार पुलिस ने सोशल मीडिया में चल रहे अग्निशमन सेवा में सब–इंस्पेक्टर के पद पर भर्ती से संबंधित दस्तावेज को फर्जी बताया है।

<><><><><><><>

वन्य जीव सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में कल वन्डूर के महात्मा गांधी राष्ट्रीय समुद्री उद्यान के ग्रब आईलैंड में रीफ स्क्रैपर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयुक्त व सचिव नन्दिनी पालीवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंतर्गत पानी में उतरकर कोरल रीफ़ और समुद्री सतह पर पड़े जाल, प्लास्टिक के कचरे आदि को इक्ट्ठा किया गया, ताकि कोरल और समुद्री जीव–जन्तुओं पर इसका दुष्प्रभाव न पड़े। बीस लोगों ने समुद्र में गोता लगाकर करीब ढाई सौ किलो कचरे को एकत्रित किया। स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप में भी चालीस स्कूबा डाईवर्स के साथ मिलकर समुद्र के भतीर साफ–सफाई की गई। आयुक्त व सचिव ने आर्टिफिशियल कोरल रीफ़ पुनर्वास कार्यक्रम के तहत पांच आर्टिफिशियल रीफ़ ढांचों का उद्घाटन भी किया। उन्होंने वन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कोरल के टुकड़े को ढांचे पर बांधा। इस कदम के जरिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय समुद्री उद्यान में कोरल की संख्या को बढ़ाने में मदद मिलेगी और समुद्री जीवन के विकास में यह मददगार सिद्ध होगा।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम–उन्नीस सौ चौरानब्बे में संशोधनों को अधिसूचित किया है। ये संशोधन केबल टेलीविजन नेटवर्क विनियमन अधिनियम–उन्नीस सौ पिचानब्बे के गैर–आपराधिक प्रावधानों के कार्यान्वयन के लिए परिचालन तंत्र के बारे में है। मंत्रालय ने कहा है कि इस अधिनियम को और अधिक व्यवसाय हितैषी बनाने तथा इस क्षेत्र में निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए, अधिनियम के अंतर्गत निर्दिष्ट दंड की फिर से जांच की गई और जन विश्वास–प्रावधान संशोधन अधिनियम–दो हजार तेईस के माध्यम से इसे अपराधमुक्त कर दिया गया है। कारावास प्रावधानों को अब मौद्रिक दंड और सलाह, चेतावनी तथा निंदा जैसे अन्य गैर–मौद्रिक बना दिया गया है। इसमें कहा गया है कि इन उपायों को अधिसूचित नियमों में परिभाषित नामित अधिकारी के माध्यम से लागू किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा है कि इन संशोधनों से कठोर दंड का सहारा लिए बिना और छोटे या अनपेक्षित उल्लंघनों के प्रति संवेदनशीलता के बिना अधिनियम के अनुपालन को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। दंड की सीमा में सलाह, निंदा और चेतावनियों को शामिल करने से पता चलता है कि केवल उल्लंघनों को दंडित करने के बजाय अनुपालन के लिए शिक्षित करने और प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

<><><><><><><>

इसमें यह भी कहा गया है कि अपील तंत्र को शामिल करने से, व्यक्तियों या संस्थाओं को दंड या निर्णयों को चुनौती देने का अवसर मिलता है। यह निष्पक्ष तथा पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करता है और सत्ता के संभावित दुरुपयोग के खिलाफ सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करता है।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य विशाल जॉली के पत्र के उत्तर में केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग चार के लगभग दो सौ उनतालीस किलोमीटर की ब्लैक टॉपिंग का कार्य पूरा हो गया है और पैंतीस किलोमीटर पर ब्लैक टॉपिंग का कार्य अगले वर्ष मार्च तक पूरा करने की योजना है। उन्होंने बताया कि एन.एच.आई.डी.सी.एल द्वारा मिडिल स्ट्रेट पुल के शेष कार्य के लिए नई निविदाएं आमंत्रित की गई है। नीलाम्बुर जेट्टी से रंगत तक के सत्तावन किलोमीटर सड़क मार्ग के कार्य के लिए भी निविदाएं मांगी जा रही है, ताकि इन कार्यों को नए ठेकेदारों के साथ दोबारा शुरू किया जा सके। इस बीच, सड़क को यातायात के चलने लायक बनाए रखने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। पैकेज तीन के तहत आने वाले लोरोजिक पुल में पड़े गड्ढों की मरम्मत की गई है। नई एजेंसी द्वारा इस चरण के तहत शेष कार्य शुरू करने पर एक बारह मीटर का नया पुल बनाने की भी योजना है।

श्री गडकरी ने बताया कि मंत्रालय द्वारा एन.एच–चार के कार्य की निगरानी की जा रही है। उन्होंने आने वाले समय में कार्य शुरू होने पर राजमार्ग की स्थिति को बेहतर बनाने को लेकर आश्वस्त किया। श्री जॉली ने केन्द्रीय मंत्री के पत्र को साझा कर इस संबंध में जानकारी दी है।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से दिव्यांगजन विद्यार्थियों के लिए तीन छात्रवृत्ति योजनाओं का कियान्वयन किया जा रहा है। वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के लिए नवीं और दसवीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के वास्ते प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, ग्यारहवीं से पीजी की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक और स्नातक, स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा के लिए टॉप क्लास शिक्षा छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसके लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर विद्यार्थियों के पंजीकरण का कार्य आरंभ हो गया है। प्री–मैट्रिक के लिए तीस नवम्बर, जबकि पोस्ट मैट्रिक और टॉप क्लास शिक्षा के लिए इक्कतीस दिसम्बर तक पंजीकरण कर आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। पात्र उम्मीदवारों को सिर्फ ऑनलाइन आवेदन करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

बैक्टीरिया से होने वाले बीमारियों जैसे डेंगू, चिकनगूनियां, मलेरिया आदि की रोकथाम और उन्मूलन पर जागरूकता के लिए हाल ही में प्राणी विज्ञान के तीतृय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए जे.एन.आर.एम में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के समन्वित रोग निगरानी कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान द्वीपसमूह में विभिन्न बैक्टीरिया जनित रोगों पर प्रस्तुति और निदर्शन कर जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को इन रोगों की पहचान और रोकथाम के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के संयुक्त सचिव डॉ. अविजित रॉय सहित अन्य विशेषज्ञों ने अपने व्यख्यान प्रस्तुत किए। विभाग के प्रयोगशाला में निदर्शन करके भी दिखाया गया। आस–पास के क्षेत्रों में जाकर मच्छर के लारवा की जांच करने के साथ ही इस कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में कुल छत्तीस विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने सोशल मीडिया में चल रहे अग्निशमन सेवा में सब–इंस्पेक्टर के पद पर भर्ती से संबंधित दस्तावेज को फर्जी बताते हुए इस पर ध्यान न देने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि शरारती तत्वों द्वारा एक जाली विज्ञप्ति के जरिए सब–इंस्पेक्टर के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची सोशल मीडिया पर अपलोड की गई है। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की गई है और सोशल मीडिया में घूम रहा यह दस्तावेज सिर्फ गुमराह करने की कोशिश है। इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। लोगों से कहा गया है कि वे पुलिस की ओर से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

<><><><><><><>

आयुष विभाग में अनुबंध के आधार पर जी.आर.एफ के पद पर भर्ती के लिए आज आयोजित होने वाले सीधे साक्षात्कार को प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित किया गया है। साक्षात्कार की अगली तिथि बाद में जारी की जाएगी।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में अनुबंध के आधार पर प्रोजेक्ट असिस्टेंट के पद पर भर्ती की जाएगी। इस बारे में जानकारियां विभाग के सूचना पट्ट के अलावा वेबसाइट पर भी अपलोड की गई है।

इस बीच, स्वास्थ्य विभाग में हेल्थ एजुकेटर, ए.एन.एम, कनिष्ठ रेडियोग्राफर व रिशेपसिनिस्ट तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरूष के पदों के लिए उम्मीदवारों से प्राप्त दावे और आपत्तियों का परीक्षण करने के बाद इसे प्रशासन की वेबसाइट और भर्ती पोर्टल पर उम्मीदवारों की जानकारी के लिए अपलोड किया गया है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आर्थिक समृद्धि और पारिस्थितिकी स्थिरता के लिए मसालों, सुगन्धित और औषधीय पौधों पर राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत होने के समाचार को– डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने पहले पन्ने पर जगह दी है। सी सी एस और नार्कोटिक्स, सी आई डी की ओर से नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर दो किलो से अधिक गांजा जब्त करने के समाचार को– इंफो इंडिया ने प्रमुखता दी है।

शहर में जगह जगह गढ्ढे उभर आने और इससे वाहने चालको विशेषकर रात के समय लोगों को भारी असुविधा होने के समाचार को– द इको ऑफ इंडिया ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। दूरसंचार निदेशालय की ओर से एजेंसियों को कार्य शुरू करने से पूर्व कॉल बिफॉर यू डिग मोबाइल एप में पंजीकरण कराने के समाचार को– अंडमान क्रोनिकल में जगह मिली है।

<><><><><><><>